बैंक ऑफ महाराष्ट्र
Bank of Maharashtra
भारत सरकार का उद्यम
एक परिवार एक बैंक

निगमित संप्रेषण एवं निवेशक संबंध
प्रधान कार्यालय: लोकमंगल,
शिवाजीनगर, पुणे - 5

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक : 24 अप्रैल, 2023**

## 31 मार्च 2023 को समाप्त तिमाही व वर्ष के लिए वित्तीय परिणाम

## परिणाम एक दृष्टि में

### 31 मार्च 2022 तिमाही की तुलना में 31 मार्च 2023 तिमाही

- **कुल व्यवसाय 21.23% की वृद्धि के साथ ₹4,09,202 करोड़**
- **कुल जमाराशियां 15.71% से बढ़कर ₹2,34,083 करोड़**
- **सकल अग्रिम 29.49% की वृद्धि के साथ ₹1,75,120 करोड़**
- **ऋण-जमा (सीडी) अनुपात सुधरकर 74.81%**
- **31.03.2023 को सकल एनपीए घटकर 2.47%**
- **31.03.2023 को निवल एनपीए घटकर 0.25%**
- **प्रावधान कवरेज अनुपात सुधरकर 98.28%**
- **निवल लाभ 31.03.2023 को 136.48% से बढ़कर ₹840 करोड़**
- **परिचालन लाभ 57.36% से बढ़कर ₹1,855 करोड़**
- **निवल ब्याज आय 35.66% से बढ़कर ₹2,187 करोड़**
- **31.03.2023 को निवल ब्याज मार्जिन (एनआईएम) सुधरकर 3.78%**
- **लागत से आय अनुपात सुधरकर 38.34%**
- **वित्तीय वर्ष 23 की चौथी तिमाही के लिए आस्तियों पर आय (आरओए) सुधरकर 1.32%**
- **इक्विटी पर आय (आरओई) सुधरकर 26.32%**
- **सीआरएआर सुधरकर 18.14% रहा, जिसमें 14.25% टीयर-I है।**

**लाभप्रदता (31 मार्च, 2023 को समाप्त तिमाही)**

- निवल लाभ वित्तीय वर्ष 22 की चौथी तिमाही के ₹355 करोड़ की तुलना में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 136.48% बढ़कर वित्तीय वर्ष 23 की चौथी तिमाही में ₹840 करोड़ हो गया। तिमाही-दर-तिमाही क्रमिक आधार पर इसमें 8.39% की वृद्धि हुई।

- परिचालन लाभ वित्तीय वर्ष 22 की चौथी तिमाही के ₹1,179 करोड़ की तुलना में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 57.36% बढ़कर वित्तीय वर्ष 23 की चौथी तिमाही के लिए ₹1,855 करोड़ रहा। तिमाही-दर-तिमाही क्रमिक आधार पर इसमें 17.40% की वृद्धि हुई।

- निवल ब्याज आय (एनआईआई) वित्तीय वर्ष 22 की चौथी तिमाही के ₹1,612 करोड़ की तुलना में वर्ष-

दर-वर्ष आधार पर 35.66% बढ़कर वित्तीय वर्ष 23 की चौथी तिमाही में ₹2,187 करोड़ हो गई। तिमाही-दर-तिमाही क्रमिक आधार पर इसमें 10.47% की वृद्धि हुई।

- निवल राजस्व (निवल ब्याज आय + अन्य आय) वित्तीय वर्ष 22 की चौथी तिमाही के ₹2,134 करोड़ की तुलना में 40.98% सुधरकर वित्तीय वर्ष 23 की चौथी तिमाही के लिए ₹3,009 करोड़ रहा। तिमाही-दर-तिमाही क्रमिक आधार पर इसमें 14.82% की वृद्धि हुई।

- लागत से आय अनुपात वित्तीय वर्ष 22 की चौथी तिमाही के 44.76% की तुलना में सुधरकर वित्तीय वर्ष 23 की चौथी तिमाही के लिए 38.34% रहा। 31.12.2022 को समाप्त तिमाही के लिए यह 39.69% था।

- आस्तियों पर आय (आरओए) वित्तीय वर्ष 22 की चौथी तिमाही के 0.65% और वित्तीय वर्ष 23 की तीसरी तिमाही के 1.30% से सुधरकर वित्तीय वर्ष 23 की चौथी तिमाही के लिए 1.32% हो गई।

- इक्विटी पर आय (आरओई) भी वित्तीय वर्ष 22 की चौथी तिमाही के 13.96% और वित्तीय वर्ष 23 की तीसरी तिमाही के 24.41% से सुधरकर वित्तीय वर्ष 23 की चौथी तिमाही के लिए 26.32% हो गई।

**लाभप्रदता (31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष)**

- निवल लाभ 31.03.2022 को समाप्त वर्ष के ₹1,152 करोड़ की तुलना में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 125.96% बढ़कर ₹2,602 करोड़ हो गया।

- परिचालन लाभ 31.03.2022 को समाप्त वर्ष के ₹4,848 करोड़ की तुलना में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 25.81% बढ़कर ₹6,099 करोड़ हो गया।

- निवल ब्याज आय (एनआईआई) 31.03.2022 को समाप्त वर्ष के ₹6,044 करोड़ की तुलना में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 28.07% की वृद्धि के साथ 31.03.2023 को समाप्त वर्ष के लिए ₹7,741 करोड़ रही।

- 31.03.2023 को समाप्त वर्ष के लिए शुल्क आधारित आय वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 6.14 % की वृद्धि के साथ ₹1,309 करोड़ रही।

- लागत पर आय अनुपात 31.03.2022 को समाप्त वर्ष के लिए 44.26% की तुलना में 31.03.2023 को समाप्त वर्ष के लिए सुधरकर 39.14% रहा।

- आस्तियों पर आय (आरओए) 31.03.2022 को समाप्त वर्ष के लिए 0.55% की तुलना में 31.03.2023 को समाप्त वर्ष के लिए सुधरकर 1.10% रहा।

- ईक्विटी पर आय (आरओई) 31.03.2022 को समाप्त वर्ष के लिए 11.45% की तुलना में 31.03.2023 को समाप्त वर्ष के लिए सुधरकर 20.38% रहा।

## आस्तियां एवं देयताएं (31 मार्च, 2023 को)

- कुल व्यवसाय वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 21.23 % की वृद्धि के साथ ₹ 4,09,202 करोड़ रहा।
- कुल जमाराशियां वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 15.71 % की वृद्धि के साथ ₹ 2,34,083 करोड़ रहीं।
- सकल अग्रिम वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 29.49 % की वृद्धि के साथ ₹ 1,75,120 करोड़ रहे।
- निवल अग्रिम वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 30.53 % की वृद्धि के साथ ₹ 1,71,221 करोड़ रहे।
- आरएएम (रिटेल, कृषि एवं एमएसएमई) व्यवसाय में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 24.06 % की वृद्धि हुई। रिटेल अग्रिम वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 22.61 % की बढ़ोत्तरी के साथ ₹ 43,433 करोड़ रहे। एमएसएमई अग्रिम वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 26.50 % की वृद्धि के साथ ₹ 33,244 करोड़ रहे।

## पूंजी पर्याप्तता : (31 मार्च, 2023 को)

- 14.25 % के कॉमन इक्विटी टीयर 1 अनुपात के साथ कुल बेसल III पूंजी पर्याप्तता अनुपात सुधरकर 18.14% रहा।
- 31 मार्च 2023 को समाप्त वर्ष के दौरान बैंक द्वारा ₹ 1,590 करोड़ टीयर I पूंजी और ₹ 348 करोड़ टीयर II पूंजी जुटाई गई।

## आस्ति गुणवत्ता: (31 मार्च, 2023 को)

- सकल एनपीए 31.03.2022 के 3.94 % की तुलना में 31.03.2023 को घटकर 2.47 % रहा। 31.12.2022 को यह 2.94 % था।
- निवल एनपीए 31.03.2022 के 0.97% की तुलना में 31.03.2023 को घटकर 0.25 % रहा। 31.12.2022 को यह 0.47 % था।
- प्रावधान कवरेज अनुपात 31.03.2022 के 94.79% की तुलना में 31.03.2023 को सुधरकर 98.28 % रहा। 31.12.2022 को यह 97.18 % था।
- बैंक ने 31 मार्च 2023 को ₹1,200 करोड़ का संचयी कोविड-19 प्रावधान धारित रखा है।

बैंक की वेबसाइट www.bankofmaharashtra.in पर निवेशकों के लिए अलग से प्रस्तुतीकरण दिया गया है।

**शीर्ष व्यवसाय** (₹ करोड़ में)

| विवरण | को | | वृद्धि (%) |
|---|---|---|---|
| | मार्च '22 | मार्च '23 | वर्ष-दर-वर्ष |
| कुल व्यवसाय | 3,37,534 | 4,09,202 | 21.23 |
| जमाराशियां | 2,02,294 | 2,34,083 | 15.71 |
| जिनमें से कासा | *1,17,035* | *1,24,961* | 6.77 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| कुल जमाराशियों में कासा अंश (%) | *57.85* | *53.38* | |
| सकल अग्रिम | 1,35,240 | 1,75,120 | 29.49 |

**लाभप्रदता** (₹ करोड़ में)

| विवरण | समाप्त तिमाही | | | परिवर्तन | |
|---|---|---|---|---|---|
| | मार्च 22 | दिसंबर 22 | मार्च 23 | वर्ष-दर-वर्ष | तिमाही-दर-तिमाही |
| कुल आय | 3,949 | 4,770 | 5,317 | 34.66 | 11.48 |
| कुल व्यय | 2,770 | 3,189 | 3,462 | 25.00 | 8.54 |
| परिचालन लाभ | 1,179 | 1,580 | 1,855 | 57.36 | 17.40 |
| कर के अतिरिक्त प्रावधान और आकस्मिकताएं | 365 | 582 | 945 | 158.57 | 62.36 |
| कर व्यय | 458 | 223 | 71 | (84.62) | (68.44) |
| निवल लाभ | 355 | 775 | 840 | 136.48 | 8.39 |

**तुलन पत्र** (₹ करोड़ में)

| देयताएं | को | |
|---|---|---|
| | मार्च 22 | मार्च 23 |
| पूंजी | 6,731 | 6,731 |
| आरक्षतियां व अधिशेष | 7,154 | 8,880 |
| जमाराशियां | 2,02,294 | 2,34,083 |
| उधारियां | 7,747 | 10,765 |
| अन्य देयताएं व प्रावधान | 6,685 | 7,192 |
| **कुल** | **2,30,611** | **2,67,651** |
| **आस्तियां** | | |
| भारतीय रिजर्व बैंक के पास नकद व शेष | 19,722 | 18,508 |
| अल्प सूचना व मांग पर राशि तथा बैंकों के पास शेष | 194 | 21 |
| निवेश | 68,590 | 68,867 |
| अग्रिम (निवल) | 1,31,170 | 1,71,221 |
| स्थिर आस्तियां | 2,242 | 2,157 |
| अन्य आस्तियां | 8,693 | 6,877 |
| **कुल** | **2,30,611** | **2,67,651** |